110. Which of the following features of human language enables humans to talk about things which are not present in immediate time and space ?
(1) Arbitrariness. (2) Structure Dependence.
(3) Discreteness. (4) Displacement.

111. Which of the following is NOT explained by the concept of Language Acquisition Device (LAD) ?
(1) How children are able to learn language within a short span of 4-5 years.
(2) How children learn figurative language.
(3) Why the linguistic output of children is more than the input they get.
(4) How children learn their first language.

112. Which of the following is linguistically CORRECT about languages and dialects ?
(1) Languages and dialects are linguistically different but geographically same.
(2) Languages have their own script but dialects do not have their own script.
(3) There is no well-defined linguistic difference between a language and dialect.
(4) Languages have written literature but dialects are only based on oral traditions.



Scanned with OKEN Scanner

**113.** Which of the following DOES NOT justify starting reading skills with words and short story texts instead of letters and alphabets ?

(1) Words and texts create meaningful associations which letters fail to do.

(2) Words and texts are more interesting but letters are not.

(3) Separate letters are more difficult to memorise than words.

(4) Beginner readers can focus better on bigger units than smaller units.

**114.** Mother tongue based multilingualism advocates that ________.

(1) all children begin their schooling in the language of the State

(2) all children begin their schooling in English medium and in home language

(3) all children study Hindi as their first language

(4) all children begin their schooling in their mother tongue or home language

**115.** Which of the following among Krashen's hypotheses is similar to Vygotsky's ZPD ?

(1) Monitor hypothesis (2) Natural order hypothesis

(3) Affective filter hypothesis (4) Input hypothesis

**116.** According to Cummins' interdependence hypothesis, which of these are interdependent on each other :

(1) Cognitive academic proficiency in first and second language.

(2) Reading and writing in second language.

(3) Basic interpersonal skills in first and second language.

(4) Comprehension and production in second language.

**117.** Mark the INCORRECT statement among the following, regarding text-comprehension strategies :

(1) Skimming is more about in-depth reading while scanning is more of cursory reading.

(2) Skimming is more apt for reviewing while scanning helps more with answering particular questions.

(3) Both skimming and scanning involve rapid eye movement through the text.

(4) Skimming involves going through the text rapidly while scanning involves looking for specific facts.

**118.** When children start using language to ask about things, events and phenomenon around them, which of the following functions of language is used more than the others ?

(1) Regulatory. (2) Informative. (3) Heuristic. (4) Imaginative.

**119.** In a speech community, it is observed that 's' is pronounced differently by two different socio-economic groups of speakers. This difference is an example of :

(1) A pragmatic variable (2) A socio-cultural variable

(3) A socio-psychological variable (4) A socio-linguistic variable

**120.** Veera is a seven month old infant. She is now making vocalizations that combine consonants and vowels. She is communicating using which of the following ?

(1) Babbling. (2) Cooing.

(3) Linguistic speech. (4) Phonemes.



Scanned with OKEN Scanner

# भाग - IV
## भाषा - I : हिन्दी

| | |
|---|---|
| **महत्वपूर्ण :** | परीक्षार्थी **भाग-IV ( प्र.सं. 91 से 120 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो। |

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (91-99)**

मानसिक जगत में परिवर्तन कैसे आया? जब मानव ने मन के विकास के लिए भौतिक और मानसिक दुनिया की खामियों के खिलाफ लड़ाई शुरू की तो मानसिक परिवर्तन होने लगे। यही लड़ाई अब भी जारी है और आगे भी रहेगी। आनंद मार्ग दर्शन के अनुसार मानसिक दुनिया में परिवर्तन को ज्ञान योग कहा जा सकता है। यह बदलाव भी पूर्ण महत्व का नहीं, सापेक्ष महत्व का ही था। क्या मनुष्य ने अपनी अंतर्निहित खामियों के खिलाफ लड़ाई में किसी बड़ी ताकत की मदद ली? हां। उन शुरुआती दिनों में लोगों ने देखा कि भौतिक दुनिया की अपेक्षा मानसिक दुनिया में अधिक खामियाँ थीं।

गहन विश्लेषण के बाद मनुष्यों ने निष्कर्ष निकाला कि यदि वे अपनी मानसिक प्रवृत्तियों को एक बिंदु पर केंद्रित कर सकते हैं और उन्हें ब्रह्मांडीय ऊर्जा में विलीन कर सकते हैं, तो वे उस ब्रह्मांडीय ऊर्जा की सहायता से अपनी खामियों को दूर करने में सक्षम होंगे और पोषित लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे।

91. आनंद मार्ग दर्शन के अनुसार मानसिक स्तर के परिवर्तन को कहा गया है ________।
(1) राज योग (2) ज्ञान योग (3) सहज योग (4) ब्रह्म योग

92. 'अंतर्निहित' का समानार्थी शब्द **नहीं** है ________।
(1) सन्निहित (2) समाविष्ट (3) समायोजित (4) समाहित

93. मानसिक परिवर्तन कैसे होने लगे?
(1) मानसिक चिंतन करने के कारण
(2) अपनी कमियों को दूर करने के प्रयासों के कारण
(3) परिवर्तन सतत: होने वाली प्रक्रिया है
(4) मानव मन के विकास के कारण

94. 'भौतिक' में मूल शब्द तथा प्रत्यय है ________।
(1) भूत + इक (2) भूत + ईक (3) भौति + क (4) भूत + तिक

95. 'ब्रह्मांडीय ऊर्जा' का अर्थ है ________।
(1) ब्रह्मा की ऊर्जा (2) ब्राह्मण की ऊर्जा (3) ब्रह्म और ऊर्जा (4) ब्रह्मांड की ऊर्जा

96. मानसिक दुनिया से तात्पर्य है ________।
(1) मन की स्थिति (2) मन में उठने वाले भाव
(3) मनभावन दुनिया (4) काल्पनिक दुनिया

97. आरंभिक दिनों के संदर्भ में कौन सा कथन **सत्य** है?
(1) भौतिक जगत की अपेक्षा मानसिक जगत में अधिक कमियाँ थीं।
(2) भौतिक जगत की अपेक्षा मानसिक जगत में कम कमियाँ थीं।
(3) भौतिक व मानसिक जगत दोनों में कोई कमी नहीं थीं।
(4) भौतिक व मानसिक जगत में एक सी कमियाँ थीं।


Scanned with OKEN Scanner

98. गद्यांश के अनुसार मनुष्य को __________ की ज़रूरत है।

(1) अपनी कमियों को दूर करने
(2) अपनी क्षमताओं को उन्नत करने
(3) ब्रह्मांडीय ऊर्जाओं की खोज करने
(4) अपनी क्षमताओं को पहचानने

99. 'खामियाँ' शब्द है __________।

(1) देशज (2) तद्भव (3) तत्सम (4) आगत

**नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए। (100-105)**

जीवन अर्पण लिए हुए
पाता कभी खोता कभी
आशा निराशा से घिरा
हँसता कभी रोता कभी,
गति-मति न हो अवरुद्ध
इसका ध्यान आठों याम है
चलना हमारा काम है।

100. जीवन कैसा है?

(1) बेहद सुखद
(2) आशा-निराशा से घिरा
(3) आशाओं से घिरा हुआ
(4) बेहद दुखद

101. जीवन की विषम परिस्थितियों को व्यक्त करने के लिए उचित उदाहरण **नहीं** है?

(1) कभी आशा कभी निराशा
(2) कभी हँसना कभी रोना
(3) कभी सोना कभी रोना
(4) कभी खोना कभी पाना

102. 'आठों याम' से तात्पर्य है -

(1) आठ प्रहर (2) आठ स्तर (3) आठ दिशाएँ (4) आठ की संख्या

103. समूह से भिन्न शब्द है -

(1) पाना-खोना (2) हँसना-रोना (3) आशा-निराशा (4) भिन्न-भिन्न

104. कविता के भावानुसार जीवन में __________ सदा रहते हैं।

(1) गति-मति (2) आठों याम (3) सुख-दुःख (4) अपने-अपने

105. चाहे कितने भी दुःख आएँ, मनुष्य को __________।

(1) सदा मुस्कुराते रहना चाहिए
(2) कार्य रोक देने चाहिए
(3) कार्य करते रहना चाहिए
(4) सदा शांत रहना चाहिए

106. उत्पादक शब्द संपदा क्या है?

(1) उन शब्दों पर ध्यान देना जिनको हम पंक्तियों से परे जाकर पढ़ते हैं
(2) वे शब्द जिनका प्रयोग लेखन और बोलने में किया जाता है
(3) वे शब्द जो पाठक के लिए नए हैं
(4) वे शब्द जिनको हम जैसा सुनते हैं वैसा ही पहचानते हैं



Scanned with OKEN Scanner

107. निम्नलिखित में से कौन-सा कौशल समझ के साथ पठन का लक्षण **नहीं** है?

(1) विषयवस्तु से आगे का अनुमान लगाना

(2) घटनाओं और विचारों के क्रम का संयोजन और आकलन करना

(3) अब तक पढ़ी गई सामग्री का मानसिक रूप से सारांशीकरण करना

(4) अक्षरों और वर्णमाला पर ध्यान केन्द्रित करना

108. एक अध्यापक ने अपने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस बात पर विमर्श करें कि उन्होंने उसके द्वारा दिए गए अनुभवजनित प्रश्न का उत्तर किस प्रकार दिया और उस प्रश्न का उत्तर लिखते समय वे क्या और किस प्रकार सोच रहे थे। यह किसका उदाहरण है?

(1) रूपक
(2) अधिभाषावाद
(3) अधिसांकेतिकता (मेटासीमियोटिक)
(4) अधिसंज्ञान

109. निम्नलिखित में से कौन-सा द्वितीय भाषा शिक्षण के व्याकरण अनुवाद विधि का गुणधर्म **नहीं** है?

(1) द्वितीय भाषा के व्याकरण के नियमों का अधिगम और अभ्यास

(2) द्वितीय भाषा में सीधे ही सम्प्रेषण करना और उसके बाद दो भाषाओं के व्याकरण के नियमों की तुलना करना

(3) भाषा के प्रकार्यों के स्थान पर नियमों पर अधिक ध्यान देना

(4) प्रथम और द्वितीय भाषा के व्याकरणिक नियमों की तुलना करना

110. मानव भाषा के किस गुणधर्म के कारण मनुष्य उन चीज़ों के बारे में बोल पाते हैं जो उनके तात्कालिक समय और स्थान में मौजूद नहीं है?

(1) यादृच्छिकता
(2) संरचना निर्भरता
(3) वियोजन सामर्थ्य (डिस्क्रीटनैस)
(4) विस्थापन (डिस्प्लेसमैंट)

111. निम्नलिखित में से किसके द्वारा भाषा अर्जन उपकरण की अवधारणा की व्याख्या **नहीं** की गयी है?

(1) बच्चे 4 - 5 वर्षों की कम अवधि के भीतर कैसे भाषा सीखने योग्य बन जाते हैं।

(2) बच्चे आकृति मूलक भाषा कैसे सीख लेते हैं।

(3) बच्चों का भाषिक उत्पाद उन्हें मिले भाषिक निवेश से अधिक क्यों होता है।

(4) बच्चे अपनी प्रथम भाषा कैसे सीखते हैं।

112. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषाओं और बोलियों के बारे में भाषिक रूप से सही है?

(1) भाषाएँ और बोलियाँ भाषिक रूप से भिन्न-भिन्न हैं परन्तु भौगोलिक रूप से एक समान हैं।

(2) भाषाओं की अपनी लिपि होती है परन्तु बोलियों की कोई लिपि नहीं होती है।

(3) भाषा और बोलियों में कोई सुपरिभाषित भाषिक अन्तर नहीं है।

(4) भाषाओं में साहित्य लिखा गया है परन्तु बोलियाँ मौखिक परम्परा का निर्वाह करती हैं।

113. निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षरों और वर्णमाला के स्थान पर शब्दों और लघुकथा सामग्री के आधार पर पठन कौशल आरंभ करने को तर्कसंगत नहीं ठहराता?

(1) शब्द और पाठ्य सामग्री सार्थक सम्बद्धता सृजित कर पाती हैं जो कि अक्षर नहीं कर पाते हैं

(2) शब्द और पाठ्य सामग्री अधिक रुचिकर होती हैं जबकि अक्षर नहीं

(3) शब्दों की अपेक्षा पृथक अक्षरों को कंठस्थ करना अधिक कठिन है

(4) शुरुआती पाठक छोटी-छोटी इकाइयों की तुलना में बड़ी इकाइयों पर बेहतर तरीके से ध्यान केन्द्रित कर पाते हैं



Scanned with OKEN Scanner

114. मातृभाषा आधारित बहुभाषावाद किसकी अनुशंसा करता है?

(1) सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा उनके राज्य की भाषा में शुरू होनी चाहिए
(2) सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा की शुरुआत अंग्रेज़ी माध्यम और घर की भाषा में होनी चाहिए
(3) सभी बच्चे अपनी प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी का अध्ययन करते हैं
(4) सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा उनकी मातृभाषा या घर की भाषा में शुरू होनी चाहिए

115. निम्नलिखित में से क्रेशन की परिकल्पना में से कौन-सा वायगोत्सकी के ZPD के समान है?

(1) परिवीक्षण (मॉनीटर) परिकल्पना
(2) प्राकृतिक व्यवस्था परिकल्पना
(3) अफेक्टिव फिल्टर परिकल्पना
(4) निवेश परिकल्पना

116. क्यूमिन की अन्तरनिर्भरता परिकल्पना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी एक-दूसरे पर पारस्परिक रूप से निर्भर है?

(1) प्रथम और द्वितीय भाषा में संज्ञानात्मक अकादमिक निपुणता
(2) द्वितीय भाषा में पठन और लेखन
(3) प्रथम और द्वितीय भाषा में बुनियादी अन्त: वैयक्तिक कौशल
(4) द्वितीय भाषा में बोधगम्यता और उत्पाद

117. पाठ्य सामग्री बोधगम्यता के संदर्भ में निम्नलिखित में से **गलत** कथन का चयन करें :

(1) स्किमिंग में गहराई से पठन किया जाता है जबकि स्कैनिंग में सरसरी तौर पर पढ़ा जाता है।
(2) स्किमिंग समीक्षा करने के लिए अधिक उपयुक्त है जबकि स्कैनिंग द्वारा किसी विशेष प्रश्न का उत्तर देने में मदद मिलती है।
(3) स्किमिंग और स्कैनिंग दोनों में ही पाठ्य सामग्री पढ़ने के दौरान तीव्र नेत्र गति शामिल है।
(4) स्किमिंग (सरसरी तौर पर पठन) के अन्तर्गत पाठ्य सामग्री को शीघ्रता से पढ़ा जाता है जबकि स्कैनिंग (बारीकी से पठन) के अन्तर्गत विशिष्ट तथ्य जानने के लिए पढ़ा जाता है।

118. जब बच्चे अपने आस-पास के परिवेश की वस्तुओं, घटनाओं और अवधारणाओं के बारे में पूछना आरंभ कर देते हैं तो भाषा का कौन-सा प्रकार्य अधिक प्रयोग में लाया जाता है?

(1) नियन्त्रक (रेग्युलेटरी)
(2) सूचनात्मक
(3) खोजबीन परक
(4) कल्पनाशीलता

119. एक समुदाय विशेष के बोलने-चालने के तरीके में यह देखा गया कि दो भिन्न-भिन्न सामाजिक आर्थिक समूहों के लोग '21' को भिन्न-भिन्न तरीके से उच्चारित करते हैं। यह किस प्रकार का उदाहरण है?

(1) परिणामवादी (प्रेग्मेटिक) चर
(2) सामाजिक सांस्कृतिक चर
(3) सामाजिक मनोवैज्ञानिक चर
(4) सामाजिक भाषिक चर

120. वीरा सात माह की शिशु है। वह अब कुछ इस तरह की आवाजें निकाल रही है जिसमें स्वर और व्यंजन मिश्रित हैं। वह किस रूप में सम्प्रेषित कर रही है?

(1) बबलाना
(2) कूजन (कूइंग)
(3) भाषिक वाक्
(4) ध्वनिग्राम



Scanned with OKEN Scanner

## PART - V

## LANGUAGE – II : ENGLISH

**IMPORTANT** : Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only.

**Read the passage given below and answer the questions that follow : (121-128)**

A couple of days later, there was a music recital in the Bharatendu Auditorium, one of the two largest auditoriums in town. One of the performers was Ustad Majeed Khan.

Lata and Malati both managed to get tickets. So did Hema, a tall, thin and high-spirited friend of theirs who lived with innumerable cousins–boys and girls–in a house not far from Nabiganj. They were all under the care of a strict elder member of the family who was referred to by everyone as Tauji. Hema's Tauji had quite a job on his hands, as he was not only responsible for the well-being and reputation of the girls of the family but also had to make sure that the boys did not get into the countless kinds of mischief that boys are prone to. He had often cursed his luck that he was the sole representative in a university town of a large and far-flung family. He had on occasions threatened to send everyone straight back home when they had caused him more trouble than he could bear. But his wife, Taiji to everyone, thought she herself had been brought up with almost no liberty or latitude, felt it was a great pity that her nieces and grandnieces should be similarly constrained. She managed to obtain for the girls what they could not obtain by a more direct approach.

This evening Hema and her cousin had thus succeeded in reserving the use of Tauji's large maroon Packard car and went around town collecting their friends for the concert. No sooner was Tauji out of sight than they had entirely forgotten his outraged parting comment. "Flowers ? Flowers in your hair ? Rushing off in exam time- and listening to all this pleasure - music! Everyone will think you are completely dissolute–you will never get married."

**121.** Identify the tense of the given expression '...... had thus succeeded...'

(1) Past Perfect Tense
(2) Simple Present Tense
(3) Present Perfect Tense
(4) Simple Past Tense

**122.** How did Taiji manage to get concessions for the girls ?

(1) By persuading Tauji
(2) By fighting with Tauji
(3) By adopting an indirect approach
(4) By arguing with Tauji

**123.** What cultural show was being held in the town ?

(1) A dance performance
(2) A classical music recital
(3) A blockbuster movie
(4) A popular play

**124.** By nature and beliefs, Tauji can be described as a/an...

(1) liberal
(2) anarchist
(3) agnostic
(4) conservative

**125.** Identify the word nearest in meaning to 'constrained'.

(1) caught
(2) confined
(3) laid
(4) arrested

**126.** What was Tauji's duty as a family patriarch ?

(1) To keep a strict watch on the youngsters' activities
(2) To get the youngsters married
(3) To cook for the youngsters
(4) To teach the youngsters

**127.** What does the underlined expression 'the boys are prone to' mean ?

(1) not likely to have/get (2) impossible to have/get
(3) likely to have/get (4) sure to have/get

**128.** State which of the following statements is True/False.

(A) Taiji was relatively liberal in her approach.
(B) Lata and Malati could not obtain tickets for the recital.

(1) Both (A) and (B) are False. (2) (A) is True but (B) is False.
(3) (B) is True but (A) is False. (4) Both (A) and (B) are True.

**Read the passage given below and answer the questions that follow : (129-135)**

I designed, after my first voyage, to spend the rest of my days at Baghdad, but it was not long ere I grew weary of an indolent life and I put to sea a second time with merchants of known probity. We embarked on board of a good ship and set sail. One day we landed on an island covered with several sorts of fruit trees, but we could see neither man nor animal. While some diverted themselves with gathering flowers, and other fruits, I took my wine and provisions and sat down near a stream betwixt two high trees, which afforded a delightful shade. I made a good meal and afterwards fell asleep. When I woke up, the ship was no longer in view.

In this sad condition, I was ready to die with grief. When I gazed towards the sea, I could discern nothing but sky and water, but looking over the land I beheld something white, and coming down, I took what provision I had left and went towards the object which was so distant that at first could not distinguish what it was.

As I approached, I thought it to be a white dome of a prodigious height and extent. I drew near to it, and walked round it and found no door to it. I found that I had not strength nor activity to climb it on account of its exceeding smoothness. I went round the dome measuring its circumference. I meditated upon some means of gaining an entrance into it but no means of accomplishing this occurred to me.

By this time the sun was about to set, and all of a sudden the sky became as dark as if it had been covered with a thick cloud. I was much astonished at this sudden darkness but much more when I found it occasioned by a bird of a most extraordinary size that came flying towards me. I remembered that I had often heard mariners speak of a miraculous bird called the roc, and conceived that the great dome which I so much admired must be her egg. Shortly afterwards the bird alighted and sat over the egg.

**129.** The narrator left Baghdad because....

(1) He was weary of the city
(2) He was keen to visit another city
(3) He did not want to live a lazy life
(4) Both (1) and (3)

**130.** What did the narrator do after reaching the island ?

(1) He gathered fruits and flowers.
(2) He chatted with his colleagues.
(3) He sat down for a filling meal.
(4) He took endless strolls around the island.

**131.** Choose the word nearest in meaning to the underlined word : '...... of a prodigious height and extent.'

(1) large (2) narrow (3) marvellous (4) tall



Scanned with OKEN Scanner

132. Identify the Part of Speech of the underlined word in the expression : '.... to die with grief.'
(1) Adjective (2) Conjunction (3) Preposition (4) Adverb

133. After realising that the ship had left, the narrator.....
(1) was shocked (2) was relieved
(3) did not react (4) felt amused

134. Identify the tense of the underlined word in : 'I drew near to it....'
(1) Simple Past (2) Simple Present (3) Future Perfect (4) Past Perfect

135. The 'White dome' finally turned out to be...
(1) a royal palace (2) a place of worship
(3) a luxurious mansion (4) a massive egg

136. Which one of the following is NOT true about an assessment ?
(1) It presents concrete evidence of the student's performance.
(2) It helps to evaluate the pace of a student's progress.
(3) It can only be done by the teacher.
(4) It provides a holistic view of the student's progress.

137. Which genre of stories are the most relevant to propagate multilingualism and multiculturalism ?
(1) Autobiographies. (2) Science fiction.
(3) Lengthy tale. (4) Folktales.

138. Which of the following is NOT true regarding the Monitor Hypothesis given by Stephen Krashen ?
(1) It is based on the relationship between acquisition and learning.
(2) What is 'acquired' helps in monitoring what is 'learnt'.
(3) The learner can only monitor if s/he has enough time and enough knowledge of the rules.
(4) It is used in the context of second language acquisition.

139. Which of the following would not help in textual comprehension and vocabulary development ?
(1) Alphabet charts. (2) Theme-maps.
(3) Picture dictionaries. (4) Word-maps.

140. Which of the following is NOT a desirable feature in children's literature ?
(1) Explicit moral values. (2) Big font size and familiar words.
(3) Attractive pictures. (4) Animal characters.

141. Which of these statements is CORRECT regarding the two major types of assessment ?
(1) Summative assessment is about the sum total of every form of assessment through the year.
(2) Formative assessment goes on continuously through the learning phase.
(3) Summative assessment is done before and during the learning phase.
(4) Formative assessment focuses on the form rather than function of learning.


Scanned with OKEN Scanner

142. Which of the following is NOT a feature of communicative approach ?
(1) Contextualised use of language.
(2) Discovering rules of grammar instead of teaching explicitly.
(3) Developing communicative competence.
(4) More focus on form than function.

143. A teacher teaching English as second language to Hindi-speaking students provides them contexts and opportunities to engage in little conversations in English without telling them explicit rules. She presents examples before them which they use in their conversations. Gradually, they come up with rules on their own with the help of the teacher. Which model/ approach do you think the teacher is following ?
(1) Audio-lingual method. (2) Communicative approach.
(3) Direct method. (4) Grammar translation method.

144. When a beginner reader uses his/her general knowledge about the text theme, cultural aspects etc. to make sense of the specific textual content, it is called :
(1) Top-up approach. (2) Bottom-up approach.
(3) Bottom-down approach. (4) Top-down approach.

145. Which of the following is NOT considered a major domain of learning ?
(1) Socio-cultural (2) Affective (3) Psychomotor (4) Cognitive

146. Which of the following DOES NOT help in creating an inclusive classroom ?
(1) Giving team-tasks.
(2) Adopting a multilingual approach.
(3) Having some students as monitors in the class.
(4) Peer-group interaction and feedback system.

147. Which of the following is NOT an example of formative assessment ?
(1) A term-paper at the end of the session.
(2) A combination of a comprehensive written test and few other tasks scattered over a period of time.
(3) Assessment strategies ranging from short tests to peer-reviews throughout the session.
(4) A series of oral and written tasks, role-play etc. throughout the session.

148. Error-analysis is important in order to look at the gaps in learning because :
(1) Errors are a window into the minds of the learners and their stage of learning.
(2) Errors indicate a lack in the understanding of the learners.
(3) Errors show extent of concept development and motivation.
(4) Most errors are caused by callous attitude of the learners.

149. Reading or writing 'p' as 'b' or '6' as '9' is a common error among children with :
(1) Aphasia. (2) Anomia. (3) Dyslexia. (4) Stuttering.

150. Basic Interpersonal Communicative Skills is known as :
(1) Language of abstraction.
(2) Language used for day-to-day communication.
(3) Interlanguage.
(4) Higher order language skills.



Scanned with OKEN Scanner

# भाग - V
## भाषा - II : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (121-128)**

स्वातंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी ट्रेजेडी यह नहीं है कि शासक वर्ग ने औद्योगीकरण का मार्ग चुना, ट्रेजेडी यह रही है कि पश्चिम की देखादेखी और नकल में योजनाएँ बनाते समय – प्रकृति, मनुष्य और संस्कृति के बीच का नाजुक संतुलन किस तरह नष्ट होने से बचाया जा सकता है – इस ओर हमारे पश्चिम शिक्षित सत्ताधारियों का ध्यान कभी नहीं गया। हम बिना पश्चिम को मॉडल बनाए, अपनी शर्तों और मर्यादाओं के आधार पर, औद्योगिक विकास का भारतीय स्वरूप निर्धारित कर सकते हैं, कभी इसका ख्याल भी हमारे शासकों को आया हो, ऐसा नहीं जान पड़ता।

**121.** समूह से भिन्न शब्द है __________।

(1) शर्त (2) संस्कृति (3) भारतीय (4) मर्यादा

**122.** गद्यांश में किस बिंदु को अनुचित ठहराया है?

(1) प्रकृति को अधिक महत्व (2) औद्योगिक विकास
(3) पश्चिमी अंधानुकरण को (4) प्रकृति की उपेक्षा

**123.** स्वतंत्रता के बाद भारत की त्रासदी है __________।

(1) पंचवर्षीय योजनाएँ (2) पश्चिमी देशों का अंधानुकरण
(3) भारतीय मॉडल (4) औद्योगीकरण

**124.** गद्यांश में किसके संतुलन की बात की गई है?

(1) प्रकृति, मानव और संस्कृति (2) प्रकृति, मानव और उद्योग
(3) प्रकृति, मानव और मानवता (4) प्रकृति, मानवता और विकास

**125.** 'संतुलन' का विलोम शब्द है :

(1) असंतुलन (2) आसंतुलन (3) असंतुलीत (4) असंतुलित

**126.** योजनाएँ निर्धारित करते समय प्रमुख है __________।

(1) प्रकृति और मनुष्य के संतुलन को बनाए रखना
(2) प्रकृति की अपेक्षा मनुष्य की उन्नति का विशेष ध्यान रखना
(3) प्राकृतिक सौंदर्य का विशेष ध्यान रखना
(4) समय सीमा का ध्यान रखना

**127.** 'शिक्षित' में मूल शब्द तथा प्रत्यय है :

(1) शिक्षा + त (2) शिक्षा + इत (3) शिक्षा +ईत (4) शिक्षि + त

**128.** हमें औद्योगिक विकास के लिए __________ की आवश्यकता है।

(1) पश्चिमी मॉडल (2) अमेरिकी मॉडल (3) यूरोपीय मॉडल (4) भारतीय मॉडल



Scanned with OKEN Scanner

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (129-135)**

इस ब्रह्मांड में हम सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे से ज्यादा खास नहीं है क्योंकि परमात्मा की नजर में हम सब एक समान हैं। ध्यान-अभ्यास हमें सभी जीवों को एक समान देखने में मदद करता है। हम मानते हैं कि कोई भी व्यक्ति जो एक चौकीदार, क्लर्क या कैशियर है, वह उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि किसी कंपनी का कोई मालिक। हमें समझ आता है कि किसी कंपनी का मालिक कर्मचारियों के बिना काम नहीं कर सकता। चाहे वे अधिक वेतन पाने वाले हों या सबसे कम वेतन पाने वाले। सभी लोग अपनी-अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं। भले ही हम बाहर से रंग, रूप, समाज, संस्कृति आदि के स्तर पर अलग दिखते हैं लेकिन पिता-परमेश्वर की संतान होने के नाते हम सभी एक समान हैं।

**129.** गद्यांश के अनुसार सभी व्यक्ति -

(1) महत्वपूर्ण हैं। (2) समान वेतन के अधिकारी हैं।
(3) व्यवसाय में लगे हुए हैं। (4) एक समान हैं।

**130.** सभी व्यक्तियों को समान दृष्टि से देखने में सहायक है -

(1) आचरण का अभ्यास (2) व्यवहारिक होना
(3) ध्यान का अभ्यास (4) समान दृष्टि का अभ्यास

**131.** किसी भी कार्य की सफलता में __________ योगदान होता है।

(1) सभी के धन का (2) सभी की सम दृष्टि का
(3) पदाधिकारियों के श्रम का (4) सभी के परिश्रम का

**132.** 'संस्कृति' शब्द में __________ प्रत्यय का प्रयोग होगा।

(1) इत (2) इय (3) ईय (4) इक

**133.** गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि हम सभी समान हैं क्योंकि -

(1) हमारा जीवन-लक्ष्य समान हैं। (2) हम ईश्वर की संतान हैं।
(3) हम कंपनी के कर्मचारी हैं। (4) हमारी जीवन-शैली समान हैं।

**134.** समूह से भिन्न शब्द है -

(1) महत्वपूर्ण (2) संस्कृति (3) ज़्यादा (4) व्यक्ति

**135.** गद्यांश में सभी मनुष्यों को समान भाव से देखने एवं __________ पर बल दिया गया है।

(1) समान नौकरी देने (2) व्यवहार करने
(3) विशेष मानने (4) समान वेतन देने

**136.** निम्नलिखित में से कौन-सा आकलन के बारे में सही **नहीं** है?

(1) यह विद्यार्थियों की उपलब्धि के बारे में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करता है।
(2) यह विद्यार्थियों की प्रगति की गति का मूल्यांकन करने में मदद करता है।
(3) यह केवल अध्यापक द्वारा ही किया जा सकता है।
(4) यह विद्यार्थी की प्रगति के बारे में समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है।



Scanned with OKEN Scanner

137. कथाओं की कौन-सी विधा बहुभाषावाद और बहु संस्कृतिवाद को प्रतिपादित करने के लिए सर्वाधिक रूप से प्रासंगिक है?

(1) आत्मकथाएँ
(2) विज्ञान कथा
(3) अविश्वसनीय बात (लेन्दी टेल)
(4) लोककथाएँ

138. निम्नलिखित में से कौन-सा स्टीफन क्रेशन द्वारा दी गयी मॉनीटर परिकल्पना के संदर्भ में सही **नहीं** है?

(1) यह अर्जन और अधिगम के मध्य संबंध पर आधारित है
(2) 'क्या अर्जित किया गया है', 'सीखे' गए की मॉनीटरिंग करने में मदद करता है
(3) शिक्षार्थी तभी मॉनीटर कर सकते हैं जब उन्हें नियमों की पर्याप्त जानकारी हो और पर्याप्त समय हो
(4) यह द्वितीय भाषा अर्जन के संदर्भ में प्रयुक्त की जाती है

139. निम्नलिखित में से कौन-सा पाठ्य सामग्री की बोधगम्यता और शब्दावली के विकास में मदद **नहीं** करेगा?

(1) वर्णमाला चार्ट
(2) थीम मानचित्र
(3) चित्र शब्दकोश
(4) शब्द मानचित्र

140. निम्नलिखित में से कौन-सा बाल साहित्य का अपेक्षित गुणधर्म **नहीं** है?

(1) नैतिक मूल्यों का स्पष्टतः प्रदर्शन
(2) बड़ा फोंट आकार और परिचित शब्द
(3) आकर्षक चित्र
(4) पशु पात्र

141. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन आकलन के दो मुख्य प्रकारों के संदर्भ में सही है?

(1) योगात्मक आकलन वर्ष भर चलने वाले आकलन के प्रत्येक स्वरूप की समग्रता के बारे में है।
(2) रचनात्मक आकलन अधिगम प्रक्रिया में सतत रूप से चलता है।
(3) योगात्मक आकलन अधिगम प्रक्रिया से पहले और उसके दौरान किया जाता है।
(4) रचनात्मक आकलन अधिगम के प्रकार्यों के स्थान पर नियमों पर अधिक ध्यान देता है।

142. निम्नलिखित में से कौन-सा सम्प्रेषणात्मक उपागम का गुणधर्म **नहीं** है?

(1) भाषा का संदर्भगत प्रयोग
(2) स्पष्टता के साथ शिक्षण के स्थान पर व्याकरण के नियमों की खोज करना
(3) सम्प्रेषणात्मक दक्षता का विकास करना
(4) प्रकार्य की अपेक्षा नियमों पर अधिक ध्यान देना

143. एक अध्यापक हिंदी भाषी विद्यार्थियों को द्वितीय भाषा के रूप मे अंग्रेजी का अध्यापन करते समय उन्हें स्पष्ट रूप से नियम बताए बगैर अंग्रेजी में संक्षिप्त संवाद करने के संदर्भ और अवसर देता है वह उनके वार्तालाप में प्रयुक्त उदाहरण उनके समक्ष प्रस्तुत करता है। धीरे-धीरे शिक्षार्थी अध्यापक की मदद से स्वतः ही नियम सीख लेते हैं। अध्यापक किस मॉडल/उपागम का अनुपालन कर रहा है?

(1) श्रव्य-भाषिक विधि
(2) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(3) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) विधि
(4) व्याकरण अनुवाद विधि



Scanned with OKEN Scanner

144. जब एक शुरुआती पाठक पाठ्यवस्तु की थीम, सांस्कृतिक पहलू आदि के बारे में अपने सामान्य ज्ञान का प्रयोग करता है, जिससे कि वह उस विशिष्ट पाठगत् सामग्री से अर्थ निकाल सके, तो यह क्या कहलाएगी ?

(1) ऊर्ध्व-ऊर्ध्वगामी उपागम
(2) तल - ऊर्ध्वगामी उपागम
(3) तल - अधोगामी उपागम
(4) ऊर्ध्व-अधोगामी उपागम

145. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम का मुख्य क्षेत्र (डोमेन) **नहीं** है ?

(1) सामाजिक सांस्कृतिक
(2) भावात्मक
(3) मनोगत्यात्मक
(4) संज्ञानात्मक

146. निम्नलिखित में से किसके द्वारा समावेशी कक्षा सृजित करने में मदद **नहीं** मिलेगी ?

(1) समूहों में कार्य करने के लिए देना
(2) बहुभाषिक उपागम का अनुपालन करना
(3) कक्षा में कुछ विद्यार्थियों को कक्षा प्रमुख (मॉनीटर) बना देना
(4) सहपाठी समूह अन्त: क्रिया और पृष्ठ पोषण व्यवस्था

147. निम्नलिखित में से कौन-सा रचनात्मक आकलन का उदाहरण **नहीं** है ?

(1) सत्र के अन्त में होने वाली सत्र परीक्षा
(2) समग्र लिखित परीक्षा और सत्र की विभिन्न अवधियों में दिए गए कुछ और कार्यों का मिश्रण
(3) पूरे सत्र भर में लघु अवधि परीक्षा से लेकर सहपाठी समीक्षा जैसी होने वाली आकलन की युक्तियाँ
(4) पूरे सत्र के दौरान मौखिक और लिखित कार्यों की शृंखला और रोल प्ले आदि

148. अधिगम में रह गई कमियों को देखने के संदर्भ में त्रुटि विश्लेषण महत्वपूर्ण है क्योंकि :

(1) गलतियाँ शिक्षार्थी के मस्तिष्क और अधिगम की अवस्था को समझने में सहायक हैं।
(2) गलतियाँ शिक्षार्थियों की समझ में रह गई कमियों की ओर संकेत करती हैं।
(3) गलतियाँ अवधारणा विकास और प्रेरणा को प्रदर्शित करती हैं।
(4) अधिकतर त्रुटियाँ विद्यार्थियों के अनियत दृष्टिकोण के कारण होती हैं।

149. 'प' को 'फ' की तरह लिखना या '6' को '9' की तरह लिखना किस तरह के बच्चों द्वारा यह सामान्य गलती की जाती है?

(1) वाचाघात (अफ़ेजिया)
(2) नामन विकार (एनोमिया)
(3) पठन वैकल्य (डिस्लैक्सिया)
(4) हकलाने वाले बच्चों द्वारा

150. बुनियादी अन्त: वैयक्तिक सम्प्रेषणात्मक कौशलों को किस रूप में जाना जाता है ?

(1) अमूर्तता की भाषा
(2) दिन-प्रतिदिन के सम्प्रेषण के प्रयुक्त भाषा
(3) अन्तरभाषा (इंटरलैंग्विज)
(4) उच्च स्तरीय भाषा कौशल

-o0o-



Scanned with OKEN Scanner

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह



Scanned with OKEN Scanner